भारत दुनिया का छठा सबसे अमीर देश

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-sixth-wealthiest-country-in-the-world

चर्चा में क्यों?

एफ्रेशिया बैंक ग्लोबल वेल्थ माइग्रेशन रिव्यू (AfrAsia Bank Global Wealth Migration Review) रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया का छठा सबसे अमीर देश है जबकि अमेरिका इस सूची में शीर्ष पर है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 200 देशों में से भारत छठा सबसे अमीर देश है।
- भारत की कुल संपत्ति 8,230 बिलियन डॉलर है।
- इस सूची में अमेरिका शीर्ष पर है जबकि चीन दूसरे तथा जापान तीसरे स्थान पर है।
- यह समीक्षा देश के प्रत्येक व्यक्ति की कुल निजी संपत्ति को आधार मानकर की गयी है।
- रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्यमियों की बढ़ती संख्या, बेहतर शिक्षा प्रणाली, उन्नत तकनीकों का प्रयोग, कारोबारी प्रक्रिया की आउटसोर्सिंग, रियल एस्टेट, स्वास्थ्य सेवा और मीडिया क्षेत्र भारत में संपत्ति सृजन के प्रमुख कारणों में शामिल है।
- वर्तमान में दुनिया की कुल दौलत लगभग 215 लाख करोड़ रूपए है।
- सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले पूँजी बाज़ारों में भारत, श्रीलंका, वियतनाम, चीन तथा मॉरिशस को शामिल किया गया है।
- आने वाले दशक में, 2027 तक चीन की कुल संपत्ति बढ़कर 69,449 अरब डॉलर होने की संभावना है, जबकि अमेरिका की संपत्ति 75,101 अरब डॉलर हो जाएगी।
- रिपोर्ट के अनुसार, 2027 तक भारत, ब्रिटेन और जर्मनी को पीछे छोड़ देगा और विश्व का चौथा सबसे धनी देश बन जाएगा।
- अगले दस सालों में ऑस्ट्रेलिया संपत्ति के मामले में कनाडा को पीछे छोड़ देगा।

कुल दौलत (Total Wealth)

- विश्व के प्रत्येक देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की निजी संपत्ति को मिलाकर जो जो संपत्ति बनती है, उसे 'कुल दौलत' कहा जाता है।
- कुल दौलत में ऋणों को हटाकर जो संपत्ति बचती है (प्रॉपर्टी, नकद, शेयर व फंड एवं व्यापार में लाभ), उसे शामिल किया जाता है।
- कुल दौलत में सरकारी संपत्ति शामिल नहीं की जाती है।

शीर्ष दस अमीर देश

क्र.सं.	देश	कुल दौलत (बिलियन डॉलर में)
1.	अमेरिका	62,584
2.	चीन	24,803
3.	जापान	19,522
4.	ब्रिटेन	9,919
5.	जर्मनी	9,660
6.	भारत	8,230
7.	फ़्रांस	6,649
8.	कनाडा	6,393
9.	ऑस्ट्रेलिया	6,142
10	इटली	4,276